# खाद की किल्लत पर किया हाइवे जाम

## किसानों ने रबी की फसल के लिए डीएपी खाद की मांग की

**श्योपुर,23 सितम्बर. विजयपुर में किसानों ने मंगलवार सुबह से खाद की कमी के विरोध में कुवारी नदी पुल पर चक्काजाम कर दिया है. सुबह 8 बजे से शुरू हुआ यह प्रदर्शन अभी भी जारी है. इस दौरान शिवपुरी-श्योपुर-मुरैना राष्ट्रीय मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया है.**

किसानों का कहना है कि रबी की फसल के लिए डीएपी खाद की तत्काल आवश्यकता है. प्रशासन द्वारा पुलिस थाने में टोकन के माध्यम से खाद का वितरण किया जा रहा है. यह प्रक्रिया पिछले तीन दिनों से जारी है. फिर भी किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है.



किसानों का आरोप है कि जिले में खाद की आपूर्ति पर्याप्त नहीं है. घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है. उनका कहना है कि समय पर खाद नहीं मिलने से फसल को नुकसान होगा.एसडीओपी राघवेंद्र सिंह तोमर किसानों को समझाने में जुटे हैं.

वितरण केंद्रों पर किसानों की भीड़ जमा होने लगी थी. खाद नहीं मिलने पर आक्रोशित किसानों ने पुल पर प्रदर्शन शुरू कर दिया. इससे हाईवे मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. कई किलोमीटर तक ट्रक, बसें और अन्य वाहन फंस गए हैं.

## कार चालक ने बाइक सवार को कुचला, मौत

**उज्जैन 23 सितंबर.** बाइक सवार युवक को सोमवार मंगलवार रात तेज गति से आई कार ने कुचल दिया. युवक की मौके पर ही मौत हो गई. जिसकी पहचान मंगलवार सुबह हो गई.नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि इंदौर रोड स्थित त्रिवेणी शनि मंदिर और मोती नगर के बीच बाइक सवार युवक को तेज गति से आ रही कार के चालक में कुचल दिया था. दुर्घटना स्थल से एंबुलेंस बाइक सवार को अस्पताल लेकर पहुंची जहां डॉक्टरों में उनसे मृत्यु घोषित कर दिया. उसके पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं था बाइक नंबर से उसकी पहचान के प्रयास शुरू किए गए. मंगलवार सुबह मृतक युवक की पहचान निलेश पिता अंतू सिंह निवासी लाल बहादुर शास्त्री मार्ग इंदौर रोड के रूप में हुई.

# दो विधवाओं ने राज्यपाल से मांगी इच्छामृत्यु

**ग्वालियर 23 सितंबर. दो विधवा महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्टर को राज्यपाल के नाम आवेदन सौंप परिवार सहित इच्छा मृत्यु की मांग की. दोनों महिलाएं पूनम भदौरिया व सुरुचि भदौरिया ने कहा कि वे बैंक द्वारा लगातार परेशान किए जाने से आहत हैं.**

महिलाओं का कहना है कि कोरोना की दूसरी लहर में उन्होंने अपने पतियों को खो दिया. उसके बाद परिवार पर आर्थिक संकट मंडराने लगा. इसी बीच फैक्ट्री में आग लग गई और सब कुछ नष्ट हो गया. बच्चों के पालन पोषण तक के लिए अन्य परिजन पर निर्भर हैं. इसके बाद भी बैंक कर्मचारी रिजर्व बैंक की गाइड लाइन के तहत 50 से 60 प्रतिशत में लोन सेटलमेंट नहीं कर रहे हैं बल्कि फैक्ट्री को एनपीए कर दिया है. इसके बाद भी लाखों रुपए का कर्ज बिना वजह हमारे ऊपर निकाला जा रहा है, जबकि इन दोनों बैंक ने बिना इंश्योरेंस के लोन मंजूर कैसे किया.अब बैंक कर्मचारियों ने हमारा जीवन मुश्किल कर दिया है. यदि शासन-प्रशासन बैंक की प्रताड़ना नहीं रुकवाता है तो हमारे पास सामूहिक खुदकुशी के अलावा कोई उपाय नहीं बचेगा. प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जांच के लिए कहा है.

ग्वालियर में मंगलवार सुबह जिला न्यायालय से सत्याग्रह करने के बाद कलेक्टर से इच्छा मृत्यु मांगने वाली पूनम भदौरिया ने कहा कि मेरे पति स्व. सतेन्द्र सिंह भदौरिया ने साल 2018 में मालनपुर भिंड में प्रथा फोम इंडस्ट्रीज की नींव रखी थी. इसमें हमने 1.50 करोड़ रुपए अपनी पुश्तैनी जमीन बेचकर बिजनेस में लगाया था, जबकि 1.33 करोड़ रुपए का लोन बैंक से लिया था. जो बैंक ने बिना इंश्योरेंस के किया था. सब कुछ ठीक चल रहा था. तीन साल तक हमने लोन की सारी किस्त समय पर चुकता की थीं. इसी बीच 22 जनवरी 2021 में आग लग गई।

### किया सत्याग्रह

पीड़ित महिलाओं ने अपने परिवार व स्थानीय लोगों के साथ मंगलवार को सत्याग्रह किया. वह सत्याग्रह यात्रा निकालते हुए जिला न्यायालय परिसर से कलेक्ट्रेट पहुंचे. मामले में कलेक्टर ग्वालियर रुचिका चौहान ने पीड़ित परिवार से आवेदन लेने के बाद कहा कि यह मामला बैंक से लेनदेन का है, इसमें हम कुछ नहीं कर सकते हैं. फिर भी देखेंगे, क्या संभव है.

## लापरवाह डीपीओ और सीपीएचसी सलाहकार को थमाया नोटिस

**रीवा, 23 सितम्बर.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत संचालित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की अब तक जिले में हुई प्रगति की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि आगामी 26 व 27 सितंबर को स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेष शिविर लगाकर स्वास्थ्य सेवाओं का सभी महिलाओं को लाभ दिलायें. उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत संचालित गतिविधियों में महिलाओं की स्वास्थ्य जांच व स्क्रीनिंग कर जानकारी पोर्टल में अपलोड करें. कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए.

# परीक्षाओं का शेड्यूल फिलहाल मंजूर नहीं

### हाईकोर्ट ने कहा- दूसरे पक्ष को भी सुनेंगे

**जबलपुर,23 सितम्बर. मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष मंगलवार को एमपी-पीएससी मुख्य परीक्षा-2025 के मामले की सुनवाई हुई.**

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की तरफ से हाईकोर्ट में मुख्य परीक्षा का शेड्यूल पेश कर मंजूरी प्रदान करने का आग्रह किया गया. हाईकोर्ट ने दूसरे पक्ष की मंजूरी के बिना मंजूरी प्रदान करने से इंकार कर दिया. याचिका पर अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को निर्धारित



की गयी है. आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों भोपाल निवासी सुनीत यादव, नरसिंहपुर निवासी पंकज जाटव व बैतूल निवासी रोहित कावड़े की ओर से उक्त याचिका दायर की गई है. जिसमें कहा गया है कि एमपीपीएससी द्वारा कुल 158 पदों की भर्ती हेतु प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम पांच मार्च को घोषित किए गए. लेकिन परिणाम में वर्गवार कट ऑफ अंक जारी नहीं किए गए. जबकि पूर्व की सभी परीक्षाओं में वर्गवार कट आफ अंक जारी किए जाते रहे हैं. याचिकाकर्ताओं की ओर से तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के विभिन्न फसलों को बायपास करते हुए आयोग ने अनारक्षित पदों के विरुद्ध आरक्षित वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु चयनित नहीं किया. समस्त अनारक्षित पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित कर प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया. आयोग ने अपनी इस असंवैधानिक त्रुटि को छुपाने के उद्देश्य से 2025 के प्रारंभिक परीक्षा में कट आफ मार्क्स भी जारी नहीं किए हैं. जबकि नियमानुसार प्रत्येक चरण की परीक्षा में वर्गवार कट ऑफ अंक जारी किए जाने का प्रावधान है.

# सिंहस्थ के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करें अधिकारी

## गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान



**उज्जैन, 23 सितम्बर. नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सिंहस्थ के लिये उज्जैन में चल रहे निर्माण कार्यों का वरिष्ठ अधिकारी लगातार निरीक्षण करें.**

उन्होंने कहा कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में पूरे हों. बैठक में जानकारी दी गई कि 11,909 करोड़ रुपये के 132 कार्यों को मंत्रिमंडलीय समिति की अनुशंसा मिल चुकी है. अब तक 673 करोड़ रुपये जारी भी किये गये हैं. संस्कृति, नगरीय विकास और आवास विभाग के पीपीपी मोड पर होने वाले कार्यों को मंजूरी दी गयी है. अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने बताया कि रेलवे की बेहतर व्यवस्था के लिए आवश्यक प्रस्ताव रेलवे मंत्रालय को भेजे जा रहे हैं. जिन कार्यों को मंजूरी मिली है, उनकी डीपीआर तैयार कर जल्द काम शुरू किया जायेगा. सभी निर्माण कार्य दिसम्बर 2027 तक पूरे करने का लक्ष्य है. ऊर्जा विभाग के 329 करोड़ रुपये, इंदौर-उज्जैन मार्ग 6 लेन चौड़ीकरण के 1692 करोड़ और 49 किलोमीटर लम्बे वैकल्पिक मार्ग के लिए 950 करोड़ की मंजूरी दी जा चुकी है.

### यात्रियों की सुविधा पर विशेष जोर

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि सिंहस्थ में आने वाले यात्रियों को किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए. रेलवे स्टेशन के पास स्नानगृह और सुलभ कॉम्पलेक्स की पर्याप्त व्यवस्था की जाये. उज्जैन से जुड़े धार्मिक क्षेत्रों तक जाने वाली सड़कों का चौड़ीकरण प्राथमिकता पर किया जाये. उन्होंने आकस्मिक सेवाओं—अग्निशमन, स्वास्थ्य, पेयजल की स्थिति की समीक्षा की. साथ ही घाट निर्माण, कान्ह नदी डायवर्जन और क्षिप्रा नदी में जल प्रवाह योजना की प्रगति पर जानकारी ली.

# कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर फोकस

### तीन दिवसीय संगठनात्मक बैठक संपन्न

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 23 सितंबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस की तीन दिवसीय संगठनात्मक बैठक मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, भोपाल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई.**

अंतिम दिन प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उज्जैन एवं सागर संभाग के जिला अध्यक्षों के साथ विस्तृत चर्चा की. बैठक का मुख्य फोकस संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना, रणनीतियों की समीक्षा करना और स्थानीय स्तर की चुनौतियों का समाधान ढूंढना रहा.




बैठक के एजेंडे में पिछले एक माह के फीडबैक की समीक्षा, ब्लॉक अध्यक्षों का चयन, कार्यकारिणी का गठन तथा आगामी दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की तैयारियां शामिल रहीं. नेताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाने के लिए ठोस योजनाओं पर भी गहन विचार-विमर्श किया. बैठक में प्रदेश संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे. इस अवसर पर हरीश चौधरी ने जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती दें और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करें.

# कार्रवाई नहीं करने पर सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को लगाई फटकार

### गुना में कस्टडी में हुई मौत का मामला

**गुना 23 सितंबर. सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को फटकार लगाई है. देवा पारदी की पुलिस कस्टडी में हुई मौत के मामले में सुनवाई हुई. साथ ही चार्जशीट के जरूरी दस्तावेज सबमिट न करने पर भी नाराजगी भी जाहिर की है. जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा- यह ऐसे नहीं चल सकता.**

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद आप कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं. फिर क्या फायदा? आप लाचारी का बहाना बना रहे हैं. वह फरार हैं, मुनादी हो चुकी है, हम उसका पता नहीं लगा सकते. कृपया लाचारी का बहाना न बनाएं. हम तो बस यही कहेंगे कि आपकी लाचारी सुरक्षा की आड़ में लग रही है.

सुनवाई के दौरान, बेंच सीबीआई पर दबाव डालती रही कि दोनों अधिकारियों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया. जस्टिस नागरत्ना ने टिप्पणी की- फरार होने का मतलब है सुरक्षा. यही मतलब आप कहना चाहते हैं. उन्होंने यह भी कहा, सीबीआई दूसरे मामलों में कुछ ही सेकेंड या मिनटों में छापा मारकर गिरफ्तार कर लेती है, लेकिन अपने ही लोगों को गिरफ्तार नहीं कर पाती.

# प्रदेश में लगातार हो रहे हैं गौ संरक्षण : पटेल

### 2 अक्टूबर से प्रारंभ होगा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान

**भोपाल 23 सितम्बर. पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में निरंतर गो संरक्षण और गो संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं.**

प्रदेश के किसानों की पशुपालन के माध्यम से आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से प्रदेश में 2 अक्टूबर से दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान प्रारंभ किया जायेगा. अभियान के अंतर्गत गाँव-गाँव पशुपालकों से व्यक्तिश: सम्पर्क किया जायेगा और उन्हें



पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में जागरूक किये जाने के साथ आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जायेगा. अभियान 3 चरणों में चलाया जायेगा. इसकी शुरूआत 2 अक्टूबर को ग्राम सभाओं से की जायेगी. अभियान 9 अक्टूबर तक चलेगा. मंत्री पटेल ने बताया कि दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के प्रथम चरण में 10 या 10 से अधिक गो-वंश रखने वाले पशुपालकों से व्यक्तिश: सम्पर्क किया जायेगा. अभियान के द्वितीय चरण में 5 या अधिक गो-वंश रखने वाले पशुपालकों और तीसरे चरण में 5 या कम गो-वंश रखने वाले पशुपालकों से सम्पर्क किया जायेगा. अभियान के अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी/मैत्री द्वारा पशुपालकों से गृह भेंट की जायेगी और उन्हें पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार के संबंध में जागरूक किया जायेगा. साथ ही पशुओं में टैग लगाने संबंधी जानकारी भी एकत्र की जायेगी. इस कार्य के लिये मैत्री को प्रति पशुपालक 5 रुपये का मानदेय भी दिया जायेगा.

# नवरात्रि में जबलपुर के लिए यातायात प्रबंधन की मांग

विशेष संवाददाता

**जबलपुर 23 सितंबर. नवरात्रि पर्व नजदीक आते ही जबलपुर शहर में यातायात अव्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं की बाधा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं.**

हर वर्ष सराफा, गढ़ा फाटक स्थित बड़ी महाकाली, आगा चौक मां काली और कचपुरा के नीचे एमआर-4 रोड स्थित मां काली जैसे प्रमुख पंडाल क्षेत्रों में भारी भीड़ के कारण ट्रैफिक जाम लग जाता है। इससे एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी सेवाएँ प्रभावित होती हैं और नागरिकों की जान-माल को खतरा उत्पन्न होता है. एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता



विराज यादव ने इस समस्या को लेकर जिला प्रशासन को पत्र लिखकर त्वरित कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नवरात्रि के दौरान इन क्षेत्रों में ट्रैफिक डायवर्जन, नो-पार्किंग जोन और आपातकालीन कॉरिडोर अनिवार्य रूप से लागू किए जाएं.

# शराब बेचने-पीने वालों पर लगेगा जुर्माना

## शराब का पता बताने वाले को इनाम, ग्रामीणों ने लिया नशामुक्त गांव का संकल्प



**मंडला 23 सितंबर. जिले के विकासखंड मोहगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत कौआडोंगरी के पोषक ग्राम सकरी और खैरी रैयत में नशा मुक्ति अभियान के तहत ग्रामीणों ने विशाल रैली का आयोजन किया.**

गांव को पूरी तरह नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस रैली में गांव की महिलाएं, पुरुष और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. रैली में ग्राम पंचायत सरपंच हरदयाल भवेदी भी शामिल थे. ग्रामीणों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ जुर्माना लगाना नहीं, बल्कि लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करना है.

बैठक में यह तय किया गया कि गांव में शराब बनाने या पीने वाले व्यक्ति से 25 हजार का जुर्माना वसूला जाएगा. इसके साथ ही शराब बनाने या पीने वाले का पता बताने वाले व्यक्ति को पांच हजार का नकद इनाम दिया जाएगा. बैठक में ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे अपने गांव को पूरी तरह नशा मुक्त बनाएंगे. ग्रामीणों का मानना है कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जो परिवारों को बर्बाद कर देती है और गांव के विकास में बाधा बनती है. इस पहल के माध्यम से वे एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज का निर्माण करना चाहते हैं.

## देसी पिस्टल के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**धार, 23 सितम्बर.** सिंघाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है. मध्य रात्रि को पुलिस ने दो संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया, प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को मध्य रात्रि में चौकी सिंघाना को मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि दो व्यक्ति पिपली फाटे पर यात्री प्रतीक्षालय में काला बैग लेकर बैठे हुए हैं बैग में स्थानीय सिकलीगरों से अवैध फायर आर्म्स देसी पिस्टल खरीद कर रखे हुए हैं जो बस का इंतजार कर वहां से निकलने वाले हैं जिस पर पुलिस चौकी के फोर्स की सहायता से दोनों को पकड़ लिया.




## सीएम ने दी शिवराज को वैदिक घड़ी

**भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से उनके निवास पर भेंटकर वैदिक घड़ी भेंट की.**

### आरोप-प्रत्यारोप | विधायक रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के निराधार आरोपों पर दी प्रतिक्रिया

# 'कांग्रेस पार्टी अब गो-भक्ति का नाटक कर रही है'

**भोपाल 23 सितंबर. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व विधायक रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की प्रेस कॉन्फ्रेंस को झूठ, पाखंड और तुष्टिकरण से प्रेरित बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी गोमांस की सबसे बड़ी निर्यातक रही है और अब गो-भक्ति का नाटक कर जनता को गुमराह कर रही है.**

कांग्रेस के नेताओं के हाथ पर गोमाता का खून लगा है. ये वही लोग हैं जो केरल में चौराहों पर गोवंश की हत्या कर गोमांस खाने के प्रदर्शन करते हैं और चुनाव आते ही गाय के नाम पर वोट मांगते हैं.





भाजपा के लिए गाय सिर्फ राजनीति का मुद्दा नहीं बल्कि सनातन संस्कृति और आस्था का प्रतीक है, जबकि कांग्रेस के लिए यह सिर्फ तुष्टिकरण और वोट बैंक का सौदा है. मप्र की भाजपा सरकार ने 2004 में मध्यप्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध कानून लागू कर गोहत्या और अवैध परिवहन पर कड़ा प्रतिबंध लगाया है. जीएसटी की मौजूदा दरों को तय करने वाली जीएसटी काउंसिल में कांग्रेस शासित राज्य सरकार के प्रतिनिधि शामिल थे. कांग्रेस उन राज्यों में जीएसटी का विरोध क्यों नहीं कर रही जहां खुद सत्ता में है.

### गौवंशों का सबसे ज्यादा कत्ल कांग्रेस शासनकाल में

भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में ही भारत दुनिया का सबसे बड़ा बीफ निर्यातक देश बना. यह तथ्य अब किसी से छिपाया नहीं जा सकता है. बीफ निर्यात पर कांग्रेस का रिकॉर्ड शर्मनाक और कलंकित रहा है. जिस कांग्रेस के राज में गोवंश का सबसे ज्यादा कत्ल हुआ, वे आज गो-रक्षा की बात कर रहे हैं. यह वैसा ही है जैसे चोर चोरी करते हुए दूसरों पर आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह बताए कि केरल और पूर्वोत्तर राज्यों में उनके कार्यकर्ता और विधायक सार्वजनिक रूप से गोमांस क्यों खाते हैं और उसका प्रचार क्यों करते हैं? मप्र में बैठकर ये नकली गौ-भक्त बनने का ढोंग करते हैं, लेकिन जिन राज्यों में कांग्रेस सत्ता में है, वहां गोवंश की नृशंस हत्या को बढ़ावा देती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति का आधार तुष्टिकरण और वोट बैंक का रहा है। अल्पसंख्यक वोटों के लिए कांग्रेस कभी भी गोवंश की सुरक्षा पर नहीं बोलती। राहुल गांधी की दादी इंदिरा गांधी ने गोरक्षा के लिए कार्य करने वाले करपात्री महाराज पर गोली चलवाई थी.

# विश्वेश्वरैया विलक्षण प्रतिभा के धनी थे

### जल संसाधन मंत्री तुलसी राम सिलावट ने कहा

**भोपाल 23 सितंबर. जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने में अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है.**

भारत रत्न सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया विलक्षण प्रतिभा के धनी, दूरदृष्टा और अत्यंत कुशल अभियंता थे, जिन्होंने संघर्षों के बीच कार्य करते हुए उत्कृष्ट अभियांत्रिकी के मानदण्डों को स्थापित किया. उनसे प्रेरणा लेकर सभी अभियंता पूरी निष्ठा, भाव और समर्पण के साथ देश के विकास में



अपना पूरा योगदान दें. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल अभियांत्रिकी के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहा है. जल संरक्षण में प्रदेश देश में अव्वल है. जल संसाधन मंत्री सिलावट मंगलवार को प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग कार्यालय परिसर में सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा के अनावरण के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने इस अवसर पर प्रतिवर्ष उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 अभियंताओं को सम्मानित करने की घोषणा भी की. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभियंता एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे.

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि सर विश्वेश्वरैया की कर्मठता, विद्वता, कौशल और समर्पण ने आधुनिक भारत के निर्माण की मजबूत नींव रखी. उनके द्वारा अभियांत्रिकी क्षेत्र में किये गये कार्य भविष्य में भी अभियंताओं के लिये प्रेरणा-स्त्रोत रहेंगे. जल प्रबंधन के क्षेत्र में उनका कार्य अद्वितीय है. आज उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया है, जो हमें निरंतर उनके कार्यों की याद दिलाती रहेगी. वे भारत के गौरव थे, आज उन्हें पूरा विश्व याद करता है.